**सुविचार**

**लोग कहते हैं कि वे समझते हैं कि मैं क्या कहता हूं और मैं सरल हूं। मैं सरल नहीं हूँ, मैं स्पष्ट हूं।**

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर

सच की सीधी आवाज

वर्ष : 1 | अंक : 10 | पंचकूला। शनिवार, 14 फरवरी 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## एक नजर

### श्री राम सेवादार ट्रस्ट ने लगाया विशाल भंडारा





**पंचकूला।** धर्मानगर पंचकूला में श्री राम सेवादार ट्रस्ट द्वारा प्रतिदिन विशाल भंडारे लगाए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में शुक्रवार 13 फरवरी का भंडारा सेक्टर 11 15 के चौक पर पंचकूला में लगाया गया। भंडारे की सेवा श्रीमती संतोष गर्ग एवं श्री रमेश गर्ग जी (1499 सेक्टर 15 पंचकूला) के सौजन्य से संपन्न हुई। गर्ग दंपति ने भंडारे की यह सेवा उनके वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष में दी। सेवा के समय राकेश गोयल, रमेश गर्ग, सुभाष जैन, संतोष गर्ग, अशोक गुप्ता, अनीता मेहंदीरत्ता, किरण गुप्ता, अंजना गर्ग, सज्जन जैन, एस सी राजपाल, वीणा गर्ग, सोनिया तनेजा, कमलेश तनेजा, परमिल गोयल, वरिंदर गर्ग एवं दिनेश सिंगला आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। ट्रस्ट ने लगभग डेढ़ हजार लोगों को भोजन प्रसाद खिलाया। और गर्ग दंपति को वैवाहिक वर्षगांठ की बधाई दी। साथ ही वहां पर उपस्थित सभी आत्मीय जनों का धन्यवाद व्यक्त किया।

### माजरी चौक बैरिकेड्स विवाद पहुंचा पीएमओ



**पंचकूला।** माजरी चौक पर लगाए गए बैरिकेड्स को लेकर चल रहा विवाद अब सीधे प्रधानमंत्री आफिस तक पहुंच गया है। सेक्टर-2 माजरी चौक स्थित आकाश हेल्थ क्लीनिक के संचालक व माजरी मार्केट एसोसिएशन के प्रधान डा. आकाश गोयल ने प्रधानमंत्री को संबोधित शिकायत में बैरिकेड्स को तत्काल और स्थायी रूप से हटाने की मांग की है। भेजी गई शिकायत के तहत मामला 1 फरवरी 2026 को दर्ज हुआ। पीएमओ ने इसे कार्रवाई के लिए हरियाणा सरकार को अग्रेषित कर दिया है। शिकायत की वर्तमान स्थिति अंडर प्रोसेस बताई गई है। शिकायतकर्ता डा. आकाश गोयल का आरोप है कि माजरी चौक, जो जीरकपुर-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है, वहां लगाए गए बैरिकेड्स अब स्थायी बाधा का रूप ले चुके हैं। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि इस संबंध में राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन को पूर्व में कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। डा. गोयल के अनुसार बैरिकेड्स के कारण चौक के आसपास ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क के एक हिस्से का उपयोग कथित रूप से अवैध पार्किंग के रूप में हो रहा है, जिससे राहगीरों और व्यापारियों को असुविधा हो रही है। उनका कहना है कि आपातकालीन वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हो सकती है, जो जनसुरक्षा के लिहाज से गंभीर विषय है। पीएमओ स्तर पर शिकायत दर्ज होने के बाद अब मामला हरियाणा प्रशासन के समक्ष है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आगे की रणनीति तय करेंगे।

### नगर निगम पंचकूला ने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स के लिए जारी किए नोटिस



**पंचकूला.** नगर निगम पंचकूला ने आयुक्त श्री विनय कुमार के नेतृत्व में विभिन्न सरकारी विभागों, निजी संपत्ति मालिकों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और आवासीय संपत्तियों के धारकों को चालू वित्तीय वर्ष के लंबित संपत्ति करों के संबंध में नोटिस जारी किए हैं। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि जैसे-जैसे वित्तीय वर्ष समाप्त हो रहा है, निगम ने समय पर अनुपालन सुनिश्चित करने और चल रहे एवं आगामी नागरिक विकास कार्यों की वित्तीय योजना को आसान बनाने के लिए यह कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि संपत्ति कर राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, जो शहर में स्वच्छता, स्ट्रीट लाइटिंग, सड़क रखरखाव, पार्कों की देखभाल और अन्य जनकल्याण कार्यों जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए मदद करता है। श्री विनय कुमार ने सभी निवासियों और संपत्ति धारकों से अपील की है कि वे म्युनिसिपल एक्ट के प्रावधानों के अनुसार पेनल्टी, ब्याज या भविष्य में होने वाली कार्रवाई से बचने के लिए जल्द से जल्द अपना बकाया संपत्ति कर चुका दें। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि समय पर टैक्स का भुगतान सीधे तौर पर पंचकूला में नागरिक अवसंरचना को मजबूत करने और सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम पंचकूला पारदर्शी शासन, बेहतर नागरिक सुविधाओं और जिम्मेदार वित्तीय प्रबंधन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि समय पर टैक्स का अनुपालन और नागरिकों के सक्रिय सहयोग से शहर के समग्र विकास के लिए निगम की सेवा प्रदान करने की क्षमता में काफी वृद्धि होगी।

## महिला और पुरुष वर्ग के फाइनल में ऑल इंडिया जाट हीरोज मेमोरियल कॉलेज रोहतक विजेता

### हरियाणा राज्य अंतर कॉलेज हॉकी चैंपियनशिप का भव्य समापन

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**पंचकूला/बरवाला.** उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के तत्वावधान में तथा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बरवाला (पंचकूला) के आयोजन में नवदीप स्टेडियम, नरवाना (जींद) में आयोजित हरियाणा स्टेट इंटर कॉलेज हॉकी चैंपियनशिप 2025-26 का आज भव्य समापन किया गया।

समापन समारोह में माननीय सेशन जज, पंचकूला श्री जगदीप लोहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि डॉ. अंजना लोहान, प्राचार्या एसडी महिला महाविद्यालय विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना तथा स्वस्थ जीवन शैली विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में जाट कॉलेज, रोहतक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राय सोनीपत हरियाणा को पराजित करते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, राय (सोनीपत, हरियाणा) की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में जाट कॉलेज रोहतक ने केएम राजकीय महाविद्यालय को 3-2 दो से पराजित किया। तृतीय स्थान स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी सोनीपत हरियाणा को मिला। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 25 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली को 15 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 10 हजार की सम्मानित राशि, सर्टिफिकेट और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

तीन दिवसीय इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया, जिससे दर्शकों को रोमांचक हॉकी मुकाबले देखने का अवसर मिला। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित खेल प्रतियोगिताओं में पहली बार हॉकी को शामिल किया गया, जिससे विद्यार्थियों में हॉकी खेल के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना, प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना रहा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिवाच ने आयोजन समिति, कोच, निर्णायक मंडल, सहयोगी स्टाफ तथा सभी प्रतिभागी टीमों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे खेल आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और युवाओं को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

समापन अवसर पर खिलाड़ियों में उत्साह और उमंग देखने को मिला तथा सभी टीमों ने भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया। आयोजन समिति ने उच्चतर शिक्षा विभाग, खेल विभाग तथा सभी सहयोगी संस्थानों का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

## 19 मार्च से 27 मार्च तक चैत्र नवरात्र में लाखों श्रद्धालु करेंगे माता मनसा देवी के दर्शन

- सफाई कर्मियों को विभिन्न क्षेत्रों में जिम्मेदारीपूर्वक तैनात किया जाए
- कानून-व्यवस्था और सुगम यातायात के लिए पर्याप्त पुलिस बल की होगी तैनाती

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**पंचकूला.** उपायुक्त एवं माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड के मुख्य प्रशासक श्री सतपाल शर्मा ने आज माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड के सभागार में 19 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले चैत्र नवरात्र मेले की तैयारियों की समीक्षा को लेकर बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबंध समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने मंदिर परिसर में स्वच्छता को लेकर कड़े निर्देश देते हुए कहा कि मंदिर और आसपास के सभी पेड़ों पर आकर्षक पेंट किया जाए, ताकि दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर का सुंदर और भव्य स्वरूप दिखाई दे। मंदिर व आसपास के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के लिए चार्ट बनाकर सफाई कर्मियों को अलग-अलग क्षेत्र आवंटित किए जाएं। महिला एवं पुरुष शौचालयों पर संबंधित सफाई कर्मी का नाम व मोबाइल नंबर प्रदर्शित किया जाए। शिकायत मिलने पर संबंधित सुपरवाइजर के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी सफाई कर्मियों को ड्यूटी के दौरान वर्दी पहनना अनिवार्य किया गया है। जूताघर में भी अलग से कर्मचारी की तैनाती के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने मेले के दौरान कानून-व्यवस्था और सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में नाके स्थापित किए जाएंगे तथा 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। श्रद्धालुओं के सुचारू दर्शन के लिए व्यवस्थित कतार व्यवस्था लागू की जाएगी। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को आंतरिक एवं बाहरी सड़कों की आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गैर-आवंटित बूथों से अतिक्रमण हटाकर उनकी सफेदी कराने और सड़कों की रेलिंग पर पेंट कराने के निर्देश भी दिए। पीएमडीए को मंदिर परिसर के समीप स्थित नाले की नियमित सफाई तथा लोक निर्माण विभाग को सड़कों की मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मेले के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त संख्या में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूर्ण सुविधायुक्त एंबुलेंस की व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्देश दिए की आयुष विभाग व राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान पंचकूला द्वारा मंदिर परिसर में डिस्पेंसरी व औषधालय स्थापित किया जाए। उपायुक्त ने उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को श्री माता मनसा देवी मंदिर परिसर, काली माता मंदिर कालका और श्री चंडी माता मंदिर में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए प्रत्येक मंदिर में कर्मचारियों सहित एक-एक फायर क्रैश टेंडर तैनात रहेगा। जनस्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने एवं जल भंडारण टैंकों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, बिक्री, भंडारण और उपयोग पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

मेले के दौरान स्वच्छ भंडारा, प्रसाद एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य पदार्थों की नियमित जांच और नमूना संग्रह किया जाएगा। वहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पंचकूला मेले के दौरान प्लास्टिक कैरी बैग एवं प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, बिक्री, भंडारण और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करेगा। सतपाल शर्मा ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चंडीगढ़/पंचकूला रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पंचकूला, जीरकपुर, सिंहपुरा एवं आसपास के क्षेत्रों से माता मनसा देवी मंदिर, कालका मंदिर और चंडी माता मंदिर तक पर्याप्त बसों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने नगर निगम पंचकूला को सड़कों की मरम्मत, मंदिर परिसर और आस पास के क्षेत्र में फॉगिंग, कीटनाशक छिड़काव, सफाई, मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था एवं झाड़ियों की छंटाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए मंदिर परिसर में पर्याप्त संख्या में अस्थायी शेड्स की व्यवस्था भी की जाए। बैठक के दौरान माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड के गैर-सरकारी सदस्यों से भी मेले के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर सुझाव लिए गए। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त एवं बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी निशा यादव, नगराधीश जागृति, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त गौरव चौहान, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यकारी अभियंता एन.के. पायल व अन्य मौजूद रहे।

## पारस हेल्थ पंचकूला में एसीएल सर्जरी के दौरान यूरिक एसिड विकार का खुलासा, मरीज का सफल इलाज



**पंचकूला.** जोड़ों में लगातार दर्द, बार-बार चोट लगना या देर से ठीक होना केवल सामान्य चोट का परिणाम नहीं होता, बल्कि यह किसी अंदरूनी मेटाबॉलिक बीमारी का संकेत भी हो सकता है। इसी सार्वजनिक जागरूकता संदेश के साथ पारस हेल्थ पंचकुला के डॉक्टरों ने एक 42 वर्षीय व्यक्ति का सफल उपचार किया, जिसमें घुटने की सर्जरी के दौरान छिपे हुए यूरिक एसिड विकार का पता चला। मरीज जिम के दौरान दाहिने घुटने में चोट लगने के बाद अस्पताल पहुंचा। जांच में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) में आंशिक फटाव और मेनिस्कस क्षति सामने आई। आर्थ्रोस्कोपिक सर्जरी के दौरान डॉक्टरों ने घुटने के अंदर सफेद चॉक जैसे जमाव देखे, जिन्हें बाद में यूरिक एसिड क्रिस्टल के रूप में पहचाना गया। आगे की जांच में यूरिक एसिड स्तर 9.6 एमजी/डीएल पाया गया, जिससे छिपे हुए गाउट रोग की पुष्टि हुई। ऑर्थोपेडिक्स विभाग के चेयरमैन डॉ. रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि कई बार गाउट जैसी मेटाबॉलिक स्थितियां बिना स्पष्ट लक्षणों के जोड़ों को धीरे-धीरे कमजोर कर देती हैं। सर्जरी के दौरान दोनों समस्याओं, लिगामेंट क्षति और यूरिक एसिड जमाव का एक साथ इलाज किया गया। उन्होंने इसके बारे में बताते हुए कहा कि यह केस इस बात पर जोर डालता है कि हर लिगामेंट चोट पूरी तरह से मैकेनिकल नहीं होती है। कुछ मेटाबॉलिक स्थितियां जैसे कि गाउट धीरे-धीरे जॉइंट के स्ट्रक्चर को यानी जोड़ों की संरचना को बिना खास या विशेष लक्षण के दिखे भी कमजोर बना देती हैं। हमें सर्जरी के दौरान यूरिक एसिड क्रिस्टल जमाव मिला। यह क्रिस्टल जमाव और मेनिस्कस दोनों को नुकसान पहुंचा रहा था। इन दोनों की पहचान करने से हमें स्ट्रक्चरल डैमेज को ठीक करने और साथ ही असली वजह का इलाज शुरू करने में मदद मिली। फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. पंकज मित्तल ने कहा कि सटीक जांच और समग्र उपचार दृष्टिकोण से न केवल दिखने वाली चोट का उपचार संभव है, बल्कि उसके मूल कारण को भी नियंत्रित किया जा सकता है।

## चंडीगढ़ में अब हर माह आएंगे बिजली बिल, सीपीडीएल ने बढ़ाई अंतिम तिथि

**चंडीगढ़.** चंडीगढ़ में बिजली उपभोक्ताओं को अब हर महीने बिजली बिल मिलेगा। जॉइंट इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (जेईआरसी) की गाइडलाइंस के तहत चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (सीपीडीएल) ने मंथली बिलिंग सिस्टम लागू कर दिया है। हालांकि नए सिस्टम की शुरुआत के साथ कई उपभोक्ताओं को बिल देर से मिलने, कुछ को बिल न मिलने और अकाउंट नंबर बदल जाने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा। सीपीडीएल के डायरेक्टर अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं की दिक्कतों को देखते हुए (सीपीडीएल) ने बिजली बिल जमा करने की अंतिम तिथि 12 फरवरी से बढ़ाकर 17 फरवरी 2026 कर दी है। जनवरी माह का एक महीने का बिल जारी किया गया, लेकिन कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की कि उन्हें बिल प्राप्त नहीं हुआ। कुछ मामलों में अकाउंट नंबर बदल जाने से भी भुगतान में परेशानी आई। वर्मा ने कहा कि तकनीकी कारणों से आई समस्याओं को दूर किया जा रहा है और उपभोक्ताओं को भुगतान के लिए पर्याप्त समय दिया गया है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता सीपीडीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे के जरिए ऑनलाइन बिल जमा कर सकते हैं। वर्मा ने कहा कि मंथली बिलिंग से पारदर्शिता बढ़ेगी और उपभोक्ताओं को अपने मासिक खर्चों पर नजर रखना आसान होगा। इसी बीच सीपीडीएल के 349 नियमित कर्मचारी कंपनी के खिलाफ केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण में पहुंचे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पेंशन सहित अन्य लाभ नहीं दिए जा रहे।

## डीसी ने संबंधित अधिकारियों को 5 दिनों में सडकों का मुआयना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

- जिलावासियों की समस्याओं का समाधान सभी अधिकारियों की हो प्राथमिकता




**पंचकूला.** उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा ने लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर, सीपी ग्राम, जनसंवाद, सीएम विंडो, एसएमजीटी, रि-ओपन व लंबित शिकायतों की समीक्षा व उन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का बिना विलंब किए व गंभीरता से समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। सतपाल शर्मा ने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि जिलावासियों की समस्याओं का समाधान करने में लापरवाही की गुंजाईश नही है। उन्होने कहा कि हम सभी का नैतिक कर्तव्य लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर हो। उन्होने पीएमडीए, नगर निगम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण,एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में टूटी हुई का सडकों का मुआयना कर 5 दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होने बडे बडे गढढे तुरंत प्रभाव से भरे जाने के निर्देश दिए ताकि जिले के लोगों को आवागमन में कोई परेशानी न हो।


उपायुक्त ने समाधान शिविर, सीपी ग्राम, जनसंवाद, सीएम विंडो, एसएमजीटी की लंबित शिकायतों पर विस्तार से बात की और निर्देश दिए। उन्होने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या का जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिलावासी अपनी समस्या के समाधान के लिए परेशान न हों।

इस कार्य में किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नही किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रदेश के लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए समाधान शिविर हर जिले में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री स्वयं लोगों की समस्याओं की मानिटरिंग करते हैं और समाधान शिविर से जुडते भी हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिलावासियों की समस्याओं का तय समय सीमा में समाधान हो। इस अवसर पर एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, नगराधीश जागृति, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त सिमरनजीत कौर, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी विशाल पराशर, तहसीलदार कालका विवेक गोयल, सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन जसमेर बंजारा, सत्यवान भारद्वाज, बीडीपीओ पिंजौर विनय प्रताप, बीडीपीओ मोरनी शबनम, पब्लिक हेल्थ के कार्यकारी अभियंता समीर शर्मा, डीपीओ सविता नेहरा, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**सख्ती** | चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट-कम-सेक्रेटरी ने किया लीगल एड क्लीनिक का औचक निरीक्षण

## योग्य व्यक्ति मुफ्त कानूनी सेवाओं से न रहे वंचित : अजय कुमार

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**पंचकूला.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट-कम-सेक्रेटरी श्री अजय कुमार ने हिमाचल बॉर्डर के समीप स्थित गोरखनाथ गांव में चल रहे लीगल एड क्लिनिक का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण का उदेश्य दूरदराज बार्डर इलाकों में रहने वाले लोगों तक लीगल एड सेवाएं उपलब्ध करवाना है। श्री अजय कुमार ने निरीक्षण के दौरान पाया कि गांव के लोगों को सही कानूनी सहायता मिल रही है। लीगल एड क्लिनिक हरियाणा स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी और नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी की गाइडलाइंस के अनुसार काम कर रहा है। उन्होने बताया कि लीगल एड क्लिनिक गोरखनाथ गांव के पंचायत घर से लोगों को लीगल एड सेवाएं उपलब्ध करवा रहा है। निरीक्षण के दौरान गांव की सरपंच श्रीमती बिमला देवी भी उपस्थित रही। सीजेएम-कम-सेक्रेटरी ने सरपंच से भी बातचीत की और लोकल लेवल पर एक्टिव मॉनिटरिंग की अहमियत पर जोर दिया। लीगल सर्विस देने वाली संस्थाएं जागरूकता फैलाने और हरियाणा के हर कोने में हर योग्य व्यक्ति को मुफ्त कानूनी सेवाएं देने के लिए सरकारी पैसा खर्च कर रही हैं। उन्होने बताया कि लीगल एड सेवाएं देते हुए पारदर्शिता और सख्त जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। श्री अजय कुमार ने निर्देश दिए कि लीगल एड क्लिनिक में एक सही रजिस्टर रखा जाना चाहिए। उन्होंने एडवोकेट और (पीएलवी) को कानूनी सलाह के लिए क्लिनिक आने वाले हर व्यक्ति का नाम, पता और फोन नंबर रिकॉर्ड के रूप में रखने के निर्देश दिए। रजिस्टर में हर आवेदक को दी गई कानूनी सलाह या मदद के प्रकार के साथ-साथ उनके द्वारा उठाए गए खास सवालों का साफ-साफ जिक्र होना चाहिए। असरदार मॉनिटरिंग और वेरिफिकेशन के लिए, यह भी निर्देश दिया गया कि आवेदक का आधार कार्ड नंबर और कॉन्टैक्ट नंबर भी रजिस्टर में दर्ज किया जाना चाहिए। सब-डिविजनल लीगल सर्विसेज कमेटी (डीएलएससी) कालका में तैनात संबंधित क्लर्क को निर्देश दिए गए कि वे इन निर्देशों को उस क्लिनिक में तैनात वकील और पीएलवी के ध्यान में लाएं और इनका सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी का उदेश्य है कि कानूनी सेवाओं की जमीनी पंहुच मजबूत हो और योग्य व्यक्ति को मुफ्त और सही कानूनी मदद मिले और कोई योग्य व्यक्ति मुफत कानूनी सेवाओं से वंचित न रहे।

# श्री आनंदपुर साहिब होले मुहल्ले के लिए पूरी तरह तैयार हरजोत सिंह बैंस ने व्यापक प्रबंधों के दिए आदेश

- संगत को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आध्यात्मिक माहौल प्रदान करना
- सिख परंपराओं और मर्यादाओं को बनाए रखते हुए सफल आयोजन सुनिश्चित करना

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**चंडीगढ़/श्री आनंदपुर साहिब।** होले मोहल्ले के पवित्र मौके श्री आनंदपुर साहिब में लाखों की संख्या मं; पहुंचने वाली संगत के मद्देनजर पंजाब के शिक्षा मंत्री स.हरजोत सिंह बैंस ने रूपनगर जिले के अधिकारियों को टैंट सिटी, ट्राली सिटी, समर्पित पार्किंग जोन बनाने के इलावा संगत की आसान यात्रा के लिए शटल बस और आटो-रिक्शा सेवा शुरू करने और अन्य जरुरी प्रबंध करने के निर्देश दिए है ताकि आने वाली सारी संगत के लिए आध्यात्मिक माहौल को यकीनी बनाया जा सके। सिख परंपराओं के शानदार जशन संबंधी तैयारियों का जायजा लेने के लिए रूपनगर जिला प्रशासन के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए स. हरजोत सिंह बैंस ने मुख्य मंत्री स.भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की पवित्र नगरी में लाखों की संख्या में आने वाली संगत की सुविधा प्रति वचनबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने बुनियादी ढांचे और भारी सभा के प्रबंधन के लिए रणनीतियों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा दौरान यह यकीनी बनाया गया कि तीन दिन समागम दौरान सिख धर्म के मूल सिद्धांतों को बरकरार रखा जाए। स. बैंस ने बताया कि जिला प्रशासन को आठ एकड़ में टैंट सिटी, एक समर्पित ट्राली सिटी, 60 शटल बसें, 100 ई- रिक्शा, पैदल चलने वालों के लिए रास्ते वाली और 25 पार्किंग जोन स्थापित करने के निर्देश दिए गए है। स. हरजोत सिंह बैंस ने संबंधित सीनियर आधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि तख़्त श्री केसगढ साहिब में नतमस्तक होने वाली संगत के लिए उचित यातायात यकीनी जाए, आस-पास को साफ-सुथरा रखा जाए और संगत को किसी भी तरह की असुविधा न होने दी जाए। हम मिल कर एक ऐसा माहौल सृजित करना चाहते है जहां श्रद्धा भावना पर ध्यान केन्द्रित किया जाए। हम अपनी योजनाबंदी में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। संगत की सुविधा के लिए आठ एकड़ में फैली टैंट सिटी से लेकर शटल बसों के बेड़े तक हर लौजिस्टिकल सहायता के लिए पुख़्ता प्रबंध किए गए है। प्रशासन को निर्देश है कि उचित यातायात, साफ-सुथरा वातावरण यकीनी बनाया जाए और संगत को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। स.बैंस ने कहा कि जिला प्रशासन को हाई अलर्ट पर रखा गया है जिससे होले मुहल्ले दौरान सारा सिस्टम उचित ढंग के साथ काम करे।

## 'गैंगस्टरां ते वार' का 24वां दिन

# पंजाब पुलिस ने 888 स्थानों पर छापेमारी की, 256 गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू की गई निर्णायक 'गैंगस्टरां ते वार' मुहिम के 24वें दिन, पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों से जु? पहचाने गए और मैप किए गए ठिकानों पर 888 छापेमारियां कीं। जानकारी के अनुसार, 'गैंगस्टरां ते वार' - पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए छे?ी गई एक निर्णायक जंग - 20 जनवरी, 2026 को डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव द्वारा शुरू की गई थी। इसके तहत सभी जिलों की पुलिस टीमों द्वारा एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से पूरे राज्य में विशेष कार्रवाई की जा रही हैं।

इस मुहिम के 24वें दिन, पुलिस टीमों ने 256 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही मुहिम की शुरुआत से अब तक गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की कुल संख्या 9,012 हो गई है। इसके अलावा 129 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई की गई, जबकि 239 व्यक्तियों की जांच की गई और पूछताछ के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। पुलिस टीमों द्वारा कार्रवाई के दौरान 7 भगो? अपराधी (पीओ) को भी गिरफ्तार किया गया है।



वांछित अपराधियों/गैंगस्टरों के बारे में जानकारी और अपराध तथा आपराधिक गतिविधियों के बारे में सूचना देने के लिए लोग गुप्त रूप से एंटी गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' को 349वें दिन भी जारी रखा है, जिसमें शुक्रवार को 76 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से 3.9 किलो हेरोइन, 7 किलो भुक्की, 526 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 11,500 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। इससे केवल 349 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 49,440 हो गई है। नशा छुड़ाने की मुहिम के हिस्से के रूप में पंजाब पुलिस ने आज 36 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास के इलाज के लिए राजी किया है।

# मान सरकार ने 180 ई.टी.टी. शिक्षक एसोसिएशन के मुद्दों के समाधान की प्रक्रिया तेज की

- 180 ई.टी.टी. शिक्षकों की मांगों के समाधान के लिए वित्त और शिक्षा विभागों की आपातकालीन संयुक्त बैठक के आदेश
- मान सरकार 180 ई.टी.टी. शिक्षक यूनियन की जायज मांगों को बिना किसी देरी के हल करने के लिए प्रतिबद्ध

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़.** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां वित्त और शिक्षा विभागों को 180 ई.टी.टी. शिक्षक एसोसिएशन के मुद्दों के समाधान के लिए एक आपातकालीन संयुक्त बैठक बुलाने के निर्देश दिए। उन्होंने दोहराया कि भगवंत मान सरकार अपने कर्मचारियों की जायज मांगों को बिना किसी देरी के हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। ये निर्देश पंजाब सिविल सचिवालय में हुई एक विस्तृत बैठक के बाद जारी किए गए, जहां यूनियन के प्रतिनिधियों ने अपना पक्ष पूरे विवरण के साथ पेश किया।

यूनियन के प्रतिनिधिमंडल की बातों को बड़े धैर्य और ध्यान से सुनने के बाद वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, ग180 ई.टी.टी. शिक्षक एसोसिएशन द्वारा उठाए गए मुद्दे गंभीर हैं और समयबद्ध विचार के हकदार हैं। मैंने वित्त और शिक्षा विभागों को निर्देश दिया है कि वे एक आपातकालीन संयुक्त बैठक करें ताकि सभी जायज मांगों को बिना किसी और देरी के निपटाया जा सके ग

पंजाब के वित्त मंत्री ने कहा, गआज की बैठक के दौरान शिक्षकों को उनके सामने आने वाली प्रशासनिक और पेशेवर बाधाओं के बारे में बताने का पूरा मौका दिया गया। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि उनकी मांगों के हर पहलू की बारीकी से जांच की जाए, जिसमें कानूनी और वित्तीय प्रभाव भी शामिल हैं, ताकि अंतिम फैसला कानूनी रूप से सही और वित्तीय रूप से व्यावहारिक हो ग

इस बैठक में वित्त विभाग के विशेष सचिव शौकत अहमद परे, एडिशनल एडवोकेट जनरल रमनदीप सिंह पंधेर, विशेष सचिव (पर्सोनल) उपकार सिंह और शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव हरप्रीत सिंह सहित प्रमुख सरकारी अधिकारी शामिल हुए और विस्तार से चर्चा की। वित्त मंत्री ने जोर देकर कहा, गएडवोकेट जनरल कार्यालय और वरिष्ठ वित्त अधिकारियों की विशेषज्ञता के कारण हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि एसोसिएशन के मुद्दे का सुचारू, पारदर्शी और स्थायी समाधान निकाला जा सके ग

इस संबंध में प्रक्रिया को तेज करने के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने विशेष रूप से शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि वह तुरंत मामले से संबंधित सभी विवरण वित्त विभाग के साथ साझा करे। उन्होंने कहा, गयह अंतर-विभागीय समन्वय एक सुखद और कानूनी फैसले तक पहुंचने के लिए अंतिम और महत्वपूर्ण कदम है। हमारे शिक्षकों के मुद्दों को हल करने में कोई भी प्रशासनिक अड़चन नहीं होनी चाहिए ग

सरकार के पक्ष को दोहराते हुए उन्होंने कहा, गमुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार अपने कर्मचारियों की भलाई के लिए पूरी तरह समर्पित है। रचनात्मक बातचीत और कानूनी समाधान हमेशा हमारी पहुंच रहेगी ग

बैठक के दौरान 180 ई.टी.टी. शिक्षक यूनियन की ओर से एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल ठाकुर के साथ सोहन सिंह, गुरमुख सिंह और गौरव कांत ने प्रतिनिधित्व किया।

# दो सीनियर इंडस्ट्रियल प्रमोशन अधिकारियों और एक ट्रेड असिस्टेंट 30,000 रुपये की रिश्वत लेते काबू

**चंडीगढ़.** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने रा%य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही अपनी मुहिम के दौरान जिला उद्योग केंद्र कार्यालय, लुधियाना में तैनात सीनियर इंडस्ट्रियल प्रमोशनल ऑफिसर जसपाल सिंह और रिशव गर्ग तथा जिला उद्योग केंद्र कार्यालय, लुधियाना में तैनात ट्रेड असिस्टेंट अंतरप्रीत सिंह को 30,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आज यहां इस संबंध में जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि उपरोक्त आरोपियों को फोकल पॉइंट, लुधियाना के निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता फोकल पॉइंट, लुधियाना में एक प्रोडक्शन यूनिट चलाता है। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता ने अपनी यूनिट के संबंध में प्रोडक्शन प्रमाणपत्र की सही तारीख के लिए आवेदन दिया था और इस प्रमाणपत्र को जारी करने के बदले उपरोक्त आरोपियों ने शिकायतकर्ता से 45,000 रुपये की रिश्वत मांगी। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने उपरोक्त आरोपियों द्वारा रिश्वत मांगने संबंधी हुई सारी बातचीत रिकॉर्ड कर ली। शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने एक जाल बिछाया, जिसमें तीनों आरोपियों को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 30,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो के थाना लुधियाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और इस मामले की आगे की जांच जारी है।

# भगवंत मान सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व के लिए साल भर का रोडमैप तैयार : चीमा

- 650वें प्रकाश पर्व समागमों के हिस्के तौर पर 4 बड़ी शोभा यात्राएं श्री खुरालगढ़ साहिब में होंगी नतमस्तक
- वाराणसी स्थित श्री गुरु रविदास जी के जन्म स्थान के लिए यात्राएं और ड्रोन शो करवाए जाएंगे
- प्रति ज़िला 6. 5 लाख पौधे लगाने, खूनदान कैंप और कीर्तन समागम करवाने की योजना
- 'बेगमपुरा' का संदेश फैलाने के लिए स्कूलों, कालेजों और यूनिवर्सिटियों में युवाओं पर केंद्रित सैमीनार करवाए जाएंगे



पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़.** वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में पंजाब कैबिनेट की सब- समिति ने आज यहां श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को मनाने के लिए साल भर के विस्तृत रोडमैप को अंतिम रूप देने के लिए अपनी दूसरी बैठक की। इस बैठक में इन समागमों को विश्व स्तर पर ले कर जाने और गुरू साहिब के बराबरी, मानवता एंव भक्ति के संदेश को राज्य के प्रत्येक कोने और इससे बाहर तक पहुंचाने का पक्का अहद लिया गया।

बैठक के दौरान वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा, कैबिनेट मंत्री डा. रवजोत सिंह, कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद, पर्यटन विभाग के सलाहकार दीपक बाली और विशेष इनवायटी पवन टीनूं ने महीनावार प्रोगरामों के प्रबंधों के बारे में विस्तार से चर्चा की, जिससे यह सुनिश्चित बनाया जा सके कि इन प्रोगरामों में आध्यात्मिक श्रद्धा, शैक्षिक प्रसार और समाज भलाई पहलकदमियों का संतुलित सुमेल हो।

समागमों के आध्यात्मिक पहलू पर प्रकाश डालते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, ग हमारा उदेश्य इस ऐतिहासिक मौके को ऐसे स्तर पर मनाना है जो समाज पर श्री गुरु रविदास जी की शिक्षाओं के गहरे प्रभाव को दर्शाता है। हम यह यकीनी बनाने के लिए वचनबद्ध है कि प्रत्येक नागरिक, विशेष कर हमारे युवा,%बेगमपुरा% के संदेश - एक ऐसा समाज जो दुखों और भेदभाव से मुक्त हो- के साथ जुड़े। ग कैबिनेट सब- समिति ने वाराणसी, फरीदकोट, जम्मू और बठिंडा से चार बड़ी शोभा यात्राएं निकालने का निर्णय किया है, जो गुरू जी के पवित्र तप स्थान श्री खुरालगढ़ साहिब में नतमस्तक होंगी। पंजाब के अलग- अलग हिस्सों से श्रद्धालुओं को वाराणसी स्थित श्री गुरु रविदास जी के जन्म स्थान मंदिर के दर्शनों के लिए तीर्थ यात्राओं की सुविधा देने का भी फ़ैसला लिया गया।

गुरू जी का दर्शन नई पीढ़ी तक सार्थक ढंग से पहुंचाने के लिए सब- समिति ने राज्य के स्कूलों, कालेजों और यूनिवर्सिटियों में श्री गुरु रविदास जी के जीवन और शिक्षाओं पर सैमीनार करवाने की मंजूरी दी। इस रोडमैप में हर जिले में ड्रोन शो और गांवों में डाक्यूमेंट्री फिल्मों की स्क्रीनिंग के द्वारा नवीनताकारी प्रचार भी शामिल है, जिससे आधुनिक प्रौद्यौगिकी के द्वारा जागरूकता बढाई जा सके। वातावरण की संभाल और समाज सेवा प्रति अपनी वचनबद्धता को दोहराते हुए, कैबिनेट सब-समिति ने 650वीं शताब्दी को समर्पित हर जिले में 6.5 लाख पौधे लगाने की मुहिम शुरू करने के बारे में विचार-विर्मश किया। साल भर चलने वाले इन समागमों के हिस्के तौर पर सामाजिक सांझ और शारीरिक तंदरुस्ती को उत्साहित करने के लिए रा%य व्यापक खूनदान कैंप, मैराथन, साइकिल रैलियां और विशाल कीर्तन समागम भी करवाए जाएंगे। इस बैठक में मुख्य मंत्री पंजाब के विशेष प्रमुख सचिव और पर्यटन विभाग के सचिव कुमार अमित, पर्यटन विभाग के डायरैक्टर संजीव तिवाड़ी और डिप्टी डायरैक्टर यशपाल शर्मा भी उपस्थित थे।

# कैप्टन अमरिंदर सिंह और उनके बेटे को समन भेजने वाले ईडी ऑफिसर का ट्रांसफर

**चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2016 के विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) मामले में पूर्व पंजाब मुख्यमंत्री और भाजपा नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह तथा उनके बेटे रणिंदर सिंह को समन जारी किए थे। समन जारी होने के दो दिन बाद ही जालंधर स्थित ईडी के जोनल ऑफिस के प्रमुख अधिकारी का तबादला कर दिया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के आदेश के अनुसार, 2009 बैच के इंडियन रेवेन्यू सर्विस (आईआरएस) अधिकारी रवि तिवारी, जो सितंबर 2023 से जालंधर में तैनात थे, अब चेन्नई स्थानांतरित कर दिए गए हैं। उनकी जगह दिनेश पचौरी को जालंधर पोस्टिंग दी गई है। इस मामले में कैप्टन अमरिंदर सिंह और उनके बेटे पर स्विस बैंक अकाउंट सहित कुछ विदेशी संपत्तियों के लाभार्थी होने का आरोप है। ईडी ने कैप्टन अमरिंदर सिंह को शुक्रवार (13 फरवरी) को जालंधर ऑफिस में पेश होने के लिए कहा था, जबकि उनके बेटे रणिंदर सिंह को गुरुवार (12 फरवरी) को बुलाया गया था। रणिंदर सिंह ने अपने पिता की सेहत का हवाला देते हुए समन से छूट मांगी थी। कैप्टन अमरिंदर सिंह की मोहाली के एक निजी अस्पताल में घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी हुई है और वे अभी अस्पताल में भर्ती हैं। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने भी मेडिकल आधार पर सुनवाई टालने की अपील की थी।

# 'साढ़े बुजुर्ग साढां मान' मुहिम के अंतर्गत ज़िला स्तरीय सेहत कैंपों में 9000 सीनियर नागरिक हुए रजिस्टर्ड : डा.बलजीत कौर

- स्वास्थ्य जांच से ले कर सहायक उपकरण मुहैया करवाना मान सरकार का बुज़ुर्गों के मान-सम्मान और देखभाल को यकीनी बनाती

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**चंडीगढ़.** मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार सीनियर नागरिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान को यकीनी बनाने के उदेश्य से ज़मीनी स्तर पर किए जा रहे प्रयासों के द्वारा उनकी भलाई प्रति अपनी वचनबद्धता को लगातार ओर मज़बूत कर रही है। 'साढ़े बुज़ुर्ग साढ़ा मान' मुहिम सूबा स्तरीय पहुंच के विवरन सांझा करते सामाजिक सुरक्षा, महिला और बाल विकास मंत्री डा.बलजीत कौर ने कहा कि यह पहलकदमी पंजाब की बुज़ुर्ग आबादी का सम्मान और सहायता करने प्रति रा%य सरकार की जन- समर्थकीय पहुंच को दर्शाती है।

मंत्री डा.बलजीत कौर ने कहा कि मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार सीनियर नागरिकों को समाज की कीमती संपत्ति मानती है और उनके सेहत, सुरक्षा और मान- सम्मान को यकीनी बनाने के लिए ज़मीनी स्तर पर प्रभावी और लोक- केंद्रित कदम उठा रही है। 'साढ़े बुजुर्ग साढ़ा मान के अंतर्गत, अब तक लगभग 9,000 सीनियर नागरिक रजिस्टर्ड हुए है और उनको राज्य भर में लगाए गए ज़िला-अनुसार स्वास्थ्य कैंपों से सीधे तौर पर लाभ मिला है। पंजाब के सामाजिक सुरक्षा और महिला एंव बाल विकास मंत्री ने मुहिम के प्रभावी नतीजों को उजागर करते हुए विस्थारित आंकड़े सांझा किए। डा. बलजीत कौर ने बताया कि रजिस्टर्ड लाभपातरियों में से 2,268 सीनियर नागरिकों ने आम स्वास्थ्य जांच, 1 241 ने आरथोपीडिक और 2 607 सीनियर नागरिकों ने आंखों की जांच करवाई। इसके इलावा 631 सीनियर नागरिकों ने योगा सैशन में हिस्सा लिया, 551 ने होम्योपैथिक इलाज करवाया और 791 ने आयुर्वैदिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। यह आंकड़े पंजाब भर में मुहिम की व्यापक पहुंच और प्रभावी लागूकरन को दर्शाते है।

अन्य भलाई सेवाओं के बारे में विस्तार में बताते कैबिनेट मंत्री ने बताया कि ए.एल.आई.एम.सी.ओ. स्कीम के अंतर्गत, 243 सीनियर नागरिक रजिस्टर किए गए थे, जिनमें से 89 को व्हीलचेयर, ऐनकों और सुनने वाली मशीनों जैसे सहायक उपकरण प्रदान किए गए थे। इसके इलावा कैंपों दौरान 233 सीनियर नागरिकों के बुढापा पैंशन फार्म भरने सम्बन्धित प्रक्रिया की गई और 306 लाभपातरियों को सीनियर सिटीजन कार्ड जारी किए गए। ज़िला अनुसार विवरण देते हुए मंत्री डा. बलजीत कौर ने बताया कि श्री अमृतसर साहिब, बरनाला, बठिंडा, फतेहगढ़ साहिब, फ़िरोज़पुर, फाजिल्का, होशियरपुर, लुधियाना, श्री मुक्तसर साहिब, मोगा, मानसा, पटियाला, रूपनगर और एस.ए.एस. नगर जिलों में पहले ही सीनियर नागरिकों के लिए सेहत जांच कैंप सफलतापूर्वक लगाए जा चुके है। ज़िला अनुसार स्वास्थ्य जांच कैंप पड़ाव अनुसार ढंग के साथ लगाए जा रहे है और फरवरी महीने दौरान पंजाब के सभी जिलों में यह कैंप लगाए जाएंगे।

उन्होंने आगे बताया कि इन स्वास्थ्य कैंपों में बुज़ुर्ग नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी को यकीनी बनाने के लिए फरीदकोट, गुरदासपुर, पठानकोट, जालंधर, कपूरथला, मलेरकोटला, शहीद भगत सिंह नगर, संगरूर और तरनतारन जिलों में भी कैंप लगाए जाएंगे। जल्द से जल्द लगाने के लिए सभी ज़रुरी प्रबंध किए जा रहे है। डा. बलजीत कौर ने बताया कि 'साढ़े बुजुर्ग साढ़ा मान मुहिम के अंतर्गत, सीनियर सिटीज़नज़ के लिए राज्य कार्य योजना के अंतर्गत ज़िला स्तरीय सेहत कैंपों और सबंधित गतिविधियों के लिए 7. 86 करोड़ रुपए के बजट का उपबंध किया गया है। यह कैंप न केवल डाक्टरी जांच प्रदान करते हैं बल्कि मोतियाबिन्द सर्ज़री, सहायक उपकरणों की मुफ़्त बांट, बुढापा पैन्शन फार्म भरने, सीनियर सिटिजन कार्ड जारी करने और सीनियर नागरिकों के कानूनी और सामाजिक अधिकारों बारे जागरूकता की सुविधा भी प्रदान करते हैं।

बुज़ुर्गों की देखभाल के भावनात्मक और सामाजिक महत्व को उजागर करते हुए उन्होंने कहा कि बुज़ुर्ग नागरिक समाज की जीवंत विरासत हैं, जिनके अनुभव सीध और कुर्बानियों ने युवा पीढ़ीयों को आकार दिया है। मान सरकार का मानना है कि बुज़ुर्गों की देखभाल करना केवल एक ज़िम्मेदारी नहीं है, बल्कि एक नैतिक फर्ज है और हमारे बुज़ुर्ग, हमारा मान जैसी पहलकदमियां सरकार के इस संकल्प को दर्शाती है कि हर सीनियर नागरिक देखभाल और सम्मान के साथ अपना जीवन जी सके। कौर ने कहा कि मैं परिवारों से अपील करती हूं कि वह अपने बुज़ुर्गों को इन सेहत कैंपों में लेकर आए, जिससे अधिक से अधिक सीनियर नागरिक पंजाब सरकार की भलाई पहलकदमियों का लाभ उठा सकें। सीनियर नागरिकों की सेहत और तंदरुस्ती को यकीनी बनाना भगवंत मान सरकार की जनतक सेवा प्रति वचनबद्धता को दर्शाता है।

# पंजाब मार्च-2026 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए एंड-टू-एंड डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली लागू करेगा: बैंस

**चंडीगढ़.** पंजाब के शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि पंजाब सरकार मार्च-2026 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव लाने जा रही है। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली लागू करने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि इस कदम से पंजाब देश के उन अग्रणी रा%यों में शामिल हो जाएगा, जहां पूरी तरह डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली अपनाई जा रही है।

इस प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए स. हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि इस प्रणाली से शिक्षक स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाओं का कंप्यूटर पर मूल्यांकन कर सकेंगे और सॉफ्टवेयर के माध्यम से अंकों की गणना अपने आप होगी, जिससे परिणाम तेज और सही तरीके से जारी होंगे।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि इस प्रणाली ने तुरंत और सटीक मूल्यांकन करके अपनी योग्यता पहले ही साबित कर दी है। उन्होंने कहा कि सितंबर 2025 की सप्लीमेंट्री परीक्षा के दौरान 23,000 उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटल मूल्यांकन सफलतापूर्वक किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस सफल प्रयोग से उत्साहित होकर पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड इसी साल मैट्रिक परीक्षा के एक विषय में ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली लागू करेगा और आने वाले सत्रों में इसका विस्तार किया जाएगा।

तकनीकी पक्षों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि नई डिजाइन की गई उत्तर पुस्तिका के हर पेज पर एक विशिष्ट क्यू.आर. कोड है, जिससे सुरक्षित स्कैनिंग और निर्विघ्न डिजिटल प्रोसेसिंग संभव होगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली के तहत उत्तर पुस्तिकाओं को एक सुरक्षित माहौल में स्कैन किया जाता है और एक केंद्रीकृत डैशबोर्ड पर अपलोड किया जाता है, जहां परीक्षार्थी जोड़, संरचनात्मक मार्किंग स्कीमों और रीयल-टाइम निगरानी के साथ उनका ऑनलाइन मूल्यांकन करते हैं।

उन्होंने कहा, गयह सिर्फ एक अपग्रेड नहीं है, यह हमारे ब%चों के भविष्य के मूल्यांकन का पूर्ण बदलाव है ग स. बैंस ने कहा कि क्यू.आर कोड वाली शीटों और डिजिटल मूल्यांकन से निष्पक्षता, तेजी और सटीकता सुनिश्चित बनेगी। बोर्ड के चेयरमैन डॉ. अमरपाल सिंह ने इस पहल के पीछे विद्यार्थियों को प्राथमिकता देने के दृष्टिकोण पर जोर दिया। उन्होंने कहा, गयह पहल मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार की ईमानदारी और कुशलता के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी। विद्यार्थियों को

## एक नजर

### मदर मैरी चैरिटी होम संस्था ने स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर आयोजित किया

**यमुनानगर.** यमुनानगर में मदर मैरी चैरिटी होम संस्था द्वारा संचालित 'एक कदम स्वास्थ्य की ओर' लक्ष्य 1000 मेडिकल कैंप मुहिम अभियान के अंतर्गत 190वां नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर सरोजनी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम संस्था के अध्यक्ष खुशी और डायरेक्टर विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में गुरुद्वारा सिंह सभा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. अनिल अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथियों लक्ष्मण विनायक, सरदार सुंदर प्रताप नारंग और सरदार वीरेंद्र पाल सिंह ने किया। अतिथियों ने संस्था के निरंतर जनसेवा प्रयासों की सराहना करते हुए स्वास्थ्य जागरूकता को समाज की प्राथमिक आवश्यकता बताया। स्वास्थ्य जांच शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सामान्य रोगों, नेत्र, ईएनटी तथा महिला रोगों से संबंधित समस्याओं की जांच की। अग्रवाल हॉस्पिटल तथा चौधरी देवीलाल मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की चिकित्सक टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। डॉक्टर पूजा खुराना की देखरेख में डॉक्टर रंजू बाला, डॉ. जसमीन कौर और डॉक्टर खुशबू कश्यप सहित अन्य चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। नेत्र रोगों की जांच डॉ. अजय राणा द्वारा की गई। रक्तदान शिविर का संचालन शहीद उधम सिंह चैरिटेबल ब्लड बैंक की टीम ने प्रबंधक बी.एस. कल्याण और रघुवीर कंबोज की निगरानी में किया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार निर्मल सिंह, उपप्रधान सरदार सुखविंदर सिंह संधू, सचिव जतिंदर सिंह, जसविंदर सिंह, भाई जसबीर सिंह और भाई गौतम सिंह ने अतिथियों एवं चिकित्सक दल को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम में एडवोकेट आरती रौंदा, सुभाष अरोड़ा, हुसैन, ऐश्वर्या कौशिक, विकास जैन लाल तथा कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान विनोद राणा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

### सरकार की कुठाराघाती नीतियों के खिलाफ की एक दिवसीय हड़ताल

**भिवानी.** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कैंपस वीरवार को नारों और विरोध प्रदर्शन की गूंज से सराबोर रहा। विभिन्न ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन-1016 (संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) ने सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एक दिवसीय सफल हड़ताल की। सभा के पश्चात सभी बहादुर कर्मचारी, किसान और मजदूर संगठनों के साथ मिलकर नेहरू पार्क पहुंचे। यहां उन्होंने सरकार की दोगली नीतियों के खिलाफ एक विशाल जुलूस निकाला और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान शिक्षा बोर्ड के कुल 206 कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर हड़ताल को सफल बनाया। कर्मचारियों में सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर गहरा रोष देखने को मिला, जिसे उन्होंने शिक्षा के मूलभूत ढांचे पर प्रहार करार दिया। हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने मुख्य रूप से पीएम श्री और मॉडल संस्कृति स्कूलों को हरियाणा बोर्ड से हटाकर सीबीएसई से जोड़ने के फैसले का पुरजोर विरोध किया। कर्मचारी नेताओं का आरोप है कि सरकार धीरे-धीरे राज्य शिक्षा बोर्ड के महत्व को कम कर रही है। इस मौके पर प्रधान सत्यवीर स्वामी ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा के ढांचे को ध्वस्त कर कॉर्पोरेट जगत के लिए सस्ते मजदूर तैयार करने की राह पर है। उन्होंने कहा कि वार्षिक परीक्षाओं के सिर पर होने के बावजूद बोर्ड में स्थाई अध्यक्ष की अनुपस्थिति पर भी सवाल उठाए गए। मांग की गई कि जल्द नियुक्ति हो ताकि परीक्षा व्यवस्था सुचारु रहे। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के अधिकार और बोर्ड की स्वायत्तता से खिलवाड़ कर रही है। यदि हमारी मांगें नहीं मानी गईं, तो यह आंदोलन और उग्र होगा। इस विरोध प्रदर्शन का संचालन महासचिव सोमवीर पूनिया ने किया, जबकि अध्यक्षता संयुक्त रूप से सत्यवीर स्वामी और संदीप मुंढाल ने की। इस आंदोलन को न केवल बोर्ड कर्मचारियों, बल्कि जिला और ब्लॉक स्तर के विभिन्न छात्र एवं मजदूर संगठनों का भी समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने शिक्षा बोर्ड के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए तो इस एकदिवसीय हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदलने में देर नहीं लगेगी। इस अवसर पर इस दौरान हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन-1016 व तृतीय श्रेणी कर्मचारी संगठन-1580 के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें देवेंद्र श्योराण, जोगेंद्र, रविंद्र बलियाली, अशोक पिलानिया, अशोक लाम्बा, मंजीत, कुलदीप, अरुण, अमनदीप, संदीप शर्मा, संदीप जांगड़ा, सत्येंद्र, भारतदीप, अनूप खेदड़ और किरण बाला सहित सैकड़ों कर्मचारी शामिल रहे।

### अवैध कब्जों के कारण राहगीरों का निकलना दूभर, भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने उठाई आवाज

**भिवानी/चरखी दादरी.** दादरी शहर की लाइफलाइन मानी जाने वाली सडकों पर अवैध अतिक्रमण ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है। शहर के व्यस्ततम रोहतक चौक से लेकर किला रोड तक, हालात इतने बदतर हो गए हैं कि पैदल चलने वालों के लिए बना फुटपाथ अब दुकानदारों और रेहड़ी चालकों की जागीर बन चुका है। इस ज्वलंत मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अधिवक्ता कुलवंत फौगाट ने मोर्चा खोल दिया है। अधिवक्ता कुलवंत फौगाट ने समाधान शिविर में सौंपे पत्र में कड़ा रोष जताते हुए कहा कि रोहतक चौक, जहां पुलिस चौकी भी स्थित है, वहां फुटपाथों पर पूरी तरह कब्जा कर लिया गया है। दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर अवैध रूप से होर्डिंग, बैनर और फ्लैक्स बोर्ड लगा दिए हैं, वहीं रेहड़ी चालकों ने सडक के दोनों किनारों को घेर लिया है। अधिवक्ता कुलवंत फौगाट ने कहा कि जब फुटपाथों पर कब्जा होगा, तो राहगीर मजबूरन सडक के बीच में चलेंगे।

### 15वां रक्तदान शिविर में 74 ने किया रक्तदान

**भिवानी.** समाज सुधारक और आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर वीरवार को स्थानीय दिनोद रोड स्थित सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 15वें विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ?र भागीदारी की और मानवता की सेवा के लिए रक्तदान किया। इस दौरान 74 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का आयोजन एम्स बाढ़सा के वरिष्ठ चिकित्सक डा. सौरभ की अगुवाई में किया गया। डॉक्टरों की टीम ने रक्तदाताओं की जांच की और सुरक्षित रक्तदान सुनिश्चित किया। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश मिताथल ने बताया कि यह शिविर न केवल एक स्वास्थ्य अभियान है, बल्कि महर्षि दयानंद के आदर्शों को जीवंत रखने का एक प्रयास भी है। इस शिविर की सबसे खास बात यह रही कि इसका प्रबंधन शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा की देखरेख में संपन्न हुआ। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश मिताथल ने स्वामी दयानंद सरस्वती को नमन करते हुए कहा कि स्वामी दयानंद आर्य समाज के संस्थापक होने के साथ-साथ एक महान चिंतक, समाज-सुधारक और प्रखर देशभक्त थे। उन्होंने समाज से कुरीतियों को मिटाने का मार्ग दिखाया।

# विकसित उद्योग, विकसित श्रमिक पर रहेगा सरकार का फोकस : नायब सिंह सैनी

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य फोकस ड्विकसित उद्योग , विकसित श्रमिकड् पर रहेगा ताकि राज्य की प्रगति और अधिक तेजी से हो सके। मुख्यमंत्री बुधवार को चंडीगढ़ में ड्इंडस्ट्री -लेबर फ्रेंडली कॉउन्सिलड् की प्रथम बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख प्रधान सचिव राजेश खुल्लर , गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल , उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ अमित अग्रवाल , श्रम विभाग के प्रधान सचिव श्री राजीव रंजन, मुख्यमंत्री के उपप्रधान सचिव यशपाल के अलावा अन्य अधिकारी तथा कॉउन्सिल के सदस्य उपस्थित थे। मुख्यमंत्री व काउंसिल के चेयरपर्सन नायब सिंह सैनी ने बताया कि जब तक किसी प्रदेश में उद्योग निर्बाध गति से नहीं चलेंगे और वहां के श्रमिक खुशहाल नहीं होंगे तब तक वह प्रदेश आर्थिक रूप से प्रगति नहीं कर सकता। इन दोनों वर्गों में सामंजस्य होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इसी मैत्री एवं भाईचारे की भावना को ध्यान में रख कर ही ड्इंडस्ट्री -लेबर फ्रेंडली काउंसिलड् का गठन किया गया है। इस प्रकार की काउंसिल गठित करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार उद्योगों को ड्ईज ऑफ डूइंगड् तथा श्रमिकों को ड्ईज ऑफ लिविंगड् देने की नीति पर काम कर रही हैं। यह कॉउन्सिल उद्योगों एवं श्रमिकों से संबंधित सरकार की घोषणाओं की भी समीक्षा करेगी और श्रमिकों की सुरक्षा , उद्योग -श्रमिक विवाद को सुलझाने , आईटीआई जैसे तकनीकी संस्थानों में श्रमिकों के कौशल विकास को अपग्रेड करने से संबंधित सुझाव भी देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कॉउन्सिल के माध्यम से राज्य के उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों की उत्पादकता बढ़ाने पर भी विशेष बल रहेगा , क्योंकि उत्पादकता बढ़ने से जीडीपी में भी बढ़ौतरी होगी जो कि देश एवं प्रदेश के विकास का मुख्य आधार है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में करीब दो लाख सूक्ष्म एवं मध्यम दर्जे के उद्योग इंडस्ट्रियल एरिया से बाहर चल रहे थे जिसके कारण उनको कई प्रकार की सुविधाएँ नहीं मिल पा रही थी। अब प्रदेश सरकार ने गत 25 दिसंबर 2025 को एक पोर्टल लांच कर दिया है जिस पर ये उद्योग अपना पंजीकरण करके नियमित हो जाएंगे तथा उनको सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ इंडस्ट्रियल एरिया में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से एचएसआईआईडीसी में प्लॉट को स्थानांतरित करने में आ रही परेशानियों को भी सुलझा लिया गया है। इसी प्रकार उद्योगपतियों की इएसआईसी अस्पतालों के लिए जमीन को भी रियायती दरों पर देने के लिए सरकार ने मंजूरी दे दी है। इंडस्ट्रियल एरिया में सस्ती दरों पर मजदूरों के लिए डोरमेट्री आवास बनाने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। उन्होंने बताया कि कई जिलों में इंडस्ट्रियल एरिया में जगह की कमी को देखते हुए मल्टीलेवल पार्किंग भी बनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में उद्योगों के लिए वातावरण को और अधिक अनुकूल बनाने का प्रयास कर रही है ताकि निवेशक प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश करें। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन ड्विकसित भारत-2047 ड् का लक्ष्य हासिल करने में आसानी होगी।

# श्री राम का जीवन त्याग, प्रेम, कर्तव्य और धर्म का उत्तम मार्ग है : कमल राम जी दास वशिष्ठ

■ कथा के चौथे दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता







पंचकूला। भगवान विष्णु के सातवें अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन त्याग, प्रेम, कर्तव्य और धर्म का उत्तम मार्ग है, जो हमें जीवन जीने की सही दिशा प्रदान करता है। यह उद्गार प्रसिद्ध कथावाचक परम पूज्य गुरुदेव स्वामी कमल राम जी दास वशिष्ठ ने शुक्रवार को पंचकूला स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर सेक्टर-10 पंचकूला के प्रांगण में आयोजित वार्षिक मूर्ति स्थापना उत्सव के चौथे दिन व्यक्त किए। स्वामी जी ने राम कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम कथा हमें हर परिस्थिति में मर्यादा का पालन करते हुए जीवन जीने की प्रेरणा देती है।

यह सिखाती है कि संयम, त्याग और धर्मपरायण आचरण से बुराइयों पर विजय पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रभु के नाम का गुणगान और उनके चरित्र का श्रवण करने से जीवन के दुख दूर होते हैं तथा जहां राम कथा होती है, वहां शांति और सद्भाव का वास होता है। गंगा मैया के अवतरण प्रसंग का उल्लेख करते हुए स्वामी जी ने बताया कि राजा भागीरथ की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर गंगा धरती पर अवतरित हुईं।

भगवान विष्णु के चरणों से उत्पन्न गंगा के प्रचंड वेग को धारण करने के लिए भगवान शिव ने उन्हें अपनी जटाओं में समाहित कर नियंत्रित किया और फिर पृथ्वी पर प्रवाहित किया। चंद्रवंश (सोमवंश) की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि यह प्राचीन भारत का एक प्रमुख पौराणिक क्षत्रिय राजवंश है, जो स्वयं को चंद्रमा का वंशज मानता है। इसकी उत्पत्ति बुध और इला से मानी जाती है। प्रतिष्ठानपुर से शासन करने वाले इस वंश के प्रथम सम्राट पुरुरवा थे। आगे चलकर यह वंश यदु (यादव) और पुरु (पौरव) जैसी शाखाओं में विभाजित हुआ। महाभारत का युद्ध लड़ने वाले कौरव और पांडव भी इसी वंश से संबंधित थे। कृष्ण अवतार पर प्रकाश डालते हुए स्वामी कमल राम जी दास वशिष्ठ ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार द्वापर युग में अत्याचारी कंस के अंत और धर्म की पुनर्स्थापना के लिए हुआ। मथुरा के कारागार में भाद्रपद कृष्ण अष्टमी को देवकी-वसुदेव के यहां जन्मे श्रीकृष्ण का पालन-पोषण गोकुल में यशोदा और नंद बाबा ने किया। बाल्यकाल में पूतना वध और गोवर्धन लीला से लेकर कंस वध तथा द्वारका स्थापना तक उनके जीवन की प्रत्येक लीला लोक कल्याणकारी रही। उन्होंने गीता के माध्यम से मानवता को कर्म और धर्म का अमर संदेश दिया। स्वामी जी ने नंदोत्सव का भी वर्णन किया और बताया कि यह भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अगले दिन भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष नवमी को मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है। गोकुल में नंद बाबा के घर आनंदोत्सव के रूप में मनाए जाने वाले इस पर्व में दही-माखन, बधाई गीत, नृत्य और उपहार वितरण के साथ भक्तगण उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। कथा समापन पर मंदिर सभा की ओर से वार्षिक उत्सव में सहयोग देने वाले दानी सज्जनों को सम्मानित किया गया। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं स्वादिष्ट भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### प्लास्टिक प्रदूषण पर की सख्त कार्रवाई करते हुए चार सप्ताह में 1849 चालान जारी किए

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) ने राज्य में प्लास्टिक प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण तथा पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रवर्तन कार्रवाई को और अधिक सुदृ? किया है। यह कार्रवाई केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा अधिसूचित नियमों एवं दिशानिर्देशों के अनुपालन की जा रही है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बोर्ड द्वारा राज्य के सभी क्षेत्रीय अधिकारियों एवं फील्ड स्टाफ को निर्देश जारी किए गए हैं कि प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम, 2016 तथा इनके अंतर्गत अधिसूचित संशोधन नियम 2018, 2021 एवं 2022, तथा विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व दिशा निर्देश, 2022 का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए। पिछले चार सप्ताह (24 दिसंबर,2025 से 20 जनवरी,2026 तक) के दौरान बोर्ड द्वारा राज्यभर में व्यापक प्रवर्तन कार्रवाई की गई, जिसके अंतर्गत कुल 1849 चालान जारी किए गए। इस अवधि के दौरान नियमों के उल्लंघन के मामलों में संबंधित इकाइयों पर कुल ?15,97,300 रुपये का पर्यावरणीय जुर्माना लगाया गया। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि प्लास्टिक कचरे का पृथक्करण, संग्रहण, परिवहन, प्रसंस्करण एवं वैज्ञानिक निपटान पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत अनिवार्य है।

## बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय ने मकरौली कला में वृक्षारोपण और स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया

**भिवानी.** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग की ओर से गांव मकरौली कला में वृक्षारोपण एवं स्वास्थ्य जागरूकता और जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय की आईक्यूंएसी के तत्वावधान में संपन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ कुलपति प्रो. डॉ. बी. एम. यादव के मार्गदर्शन में कुलसचिव विनोद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि वृक्षारोपण और स्वास्थ्य जांच जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सेवा, अनुशासन और जागरूकता का संदेश देते हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे केवल पौधे लगाने तक ही सीमित न रहें, बल्कि उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाएं। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, नियमित जांच कराने और संतुलित जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। मकरौली गांव के सरपंच यशपाल राठी ने पर्यावरण संरक्षण पर कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों और विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। एनएसएस समन्वयक डॉ. मंजीत कुमार ने कहा कि पेड़-पौधे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी अहम भूमिका है। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने छात्रों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की तथा उन्हें संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रमिला और सह-संयोजक डॉ. अरुणाचल (शिक्षा विभाग) के साथ डॉ. सीमा सहित अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. प्रीति लाठवाल ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

## लुवास में प्रतिभा खोज कार्यक्रम 'परिकल्प-2025' का भव्य एवं सफल आयोजन

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु-विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार में बी.वी.एस.सी. एवं ए.एच. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत हेतु द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभा खोज कार्यक्रम परिकल्प-2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवागंतुक विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक व सांस्कृतिक वातावरण से परिचित कराना तथा उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। वेटरनरी सभागार को विद्यार्थियों द्वारा अत्यंत आकर्षक एवं रचनात्मक ढंग से सजाया गया। रंग-बिरंगी रंगोलियों, सुसज्जित गुब्बारों, पुष्पमालाओं एवं हस्तनिर्मित सजावटी सामग्री से सभागार का वातावरण अत्यंत मनोहारी एवं उत्सवमय दिखाई दिया। सजावट का अधिकांश कार्य विद्यार्थियों ने स्वयं अपने परिश्रम, कल्पनाशीलता एवं टीमवर्क से किया, जिससे उनकी सृजनात्मक सोच और समर्पण भाव स्पष्ट रूप से झलकता नजर आया। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास पूर्ण एवं रोचक शैली में अपना परिचय देकर कार्यक्रम में समा बांध दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं लुवास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय जीवन केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण आधार होता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों की झिझक दूर करने के साथ-साथ उनकी अभिव्यक्ति क्षमता, आत्मविश्वास, नेतृत्व गुण एवं सामाजिक सहभागिता को विकसित करते हैं। कुलपति ने विद्यार्थियों से अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं परिश्रम को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

मीटिंग | शिकायतों को अनावश्यक लंबित न रखें अधिकारी, सुशासन की पहचान है शीघ्र निस्तारण

# 1500 करोड़ अनियमितता मामले की उच्च स्तरीय जांच होगी: अनिल विज

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**कैथल।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का दायित्व है कि वे इस प्रकार कार्य करें जिससे आमजन को समय पर न्याय और योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हम और अधिकारी जनता के लिए हैं, इसलिए हमारी प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान होना चाहिए। विज आज कैथल में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक के उपरांत मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान प्राप्त अनेक शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि कुछ जटिल मामलों को आवश्यक कार्रवाई हेतु लंबित रखा गया है। मंत्री ने बताया कि एक हत्या से संबंधित गंभीर मामला, जो लंबे समय से लंबित चल रहा है और जिसमें पुलिस अभी तक किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाई है, उसे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने की प्रक्रिया आगे ब?ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यह मामला अत्यंत संवेदनशील और गंभीर है, इसलिए इसकी निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच आवश्यक है।

पूर्व बैठकों में भी इस संबंध में सीबीआई जांच हेतु पत्राचार किया गया था और आज उन्होंने गृह सचिव से बातचीत कर इस मामले को शीघ्र आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक मामला सीबीआई को औपचारिक रूप से हस्तांतरित नहीं हो जाता, तब तक पुलिस अपनी ओर से जांच और आवश्यक कार्रवाई जारी रखेगी।

संबंधित मामले में पुलिस द्वारा न्यायालय में अर्जी दाखिल की जा चुकी है तथा न्यायालय की अनुमति मिलने पर आरोपियों का नार्को टेस्ट भी कराया जाएगा। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में विज ने दोहराया कि शासन-प्रशासन का मूल उद्देश्य जनता की सेवा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने स्तर पर निपटाए जा सकने वाले मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखें, बल्कि उनका तत्काल समाधान करें। विशेष रूप से गरीब एवं जरूरतमंद नागरिकों की शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता और तत्परता अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि शिकायतों का शीघ्र निस्तारण ही सुशासन की पहचान है।

श्रम विभाग में कथित 1500 करोड़ रुपये की अनियमितताओं के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर श्रम मंत्री ने बताया कि प्रारंभिक स्तर पर सभी जिला उपायुक्तों को पत्र लिखकर मामले की जांच हेतु समितियां गठित करने के निर्देश दिए गए थे। जिला स्तर पर गठित समितियों द्वारा जांच की गई है। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा इस पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है, ताकि तथ्यों की पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जा सके।

कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा नई रणनीति बनाए जाने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में विज ने कहाकि उनकी पार्टी टुकडे-टुकडे पार्टी है और अब ये यदा-कदा टुकडों को जोडने की कोशिश करते रहते हैं। लेकिन वह फिर टूट जाते हैं। आप पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर विधायकों की खरीद-फरोख्त करने के मामलें को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में विज ने कहा कि इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री जी ने जवाब दे दिया है, कि मैं तो जानता भी नही, और मुझे उस नाम का भी नहीं पता। ऐसा लगता है कि आप पार्टी पंजाब में लोगों का ध्यान भटकाना चाहती है।



# रणवीर सिंह के बाद अब सलमान के करीबी को मिली धमकी, बिश्नोई गैंग ने मांगी करोड़ों की रंगदारी

सुपरस्टार रणवीर सिंह को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद अब बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बेहद करीबी को धमकियां मिली हैं। इन धमकियों के पीछे कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग का हाथ बताया जा रहा है। धमकी देने वालों ने दोनों ही मामलों में करोड़ों रुपये की रंगदारी की मांग की है, जिसके बाद मुंबई पुलिस और क्राइम ब्रांच ने अपनी चौकसी और बढ़ा दी है। सलमान खान, जो पहले से ही बिश्नोई गैंग के निशाने पर हैं, अब उनके नजदीकी लोगों को भी निशाना बनाया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, सलमान के एक बेहद करीबी और इंडस्ट्री से जुड़े शख्स को एक धमकी भरा ईमेल मिला है। इस ईमेल में भेजने वाले ने खुद को बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया है और जान बख्शने के एवज में करोड़ों रुपये की मांग की है। हालांकि, अभी तक इस मामले में सलमान खान या उनके किसी सहयोगी की तरफ से पुलिस में कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। इसके बावजूद, मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मुंबई पुलिस और क्राइम ब्रांच ने एहतियातन सतर्कता बढ़ा दी है और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। मुंबई क्राइम ब्रांच की जांच में एक और डराने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस को इनपुट मिले हैं कि बिश्नोई गैंग से जुड़े कुछ संदिग्ध लोगों की मोबाइल लोकेशन कई बड़ी बॉलीवुड हस्तियों के घरों के आसपास पाई गई है। इस जानकारी के बाद पुलिस ने अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है और क्राइम ब्रांच संदिग्धों के सुराग तलाशने में जुट गई है।

चूंकि सलमान खान को पहले भी कई बार धमकियां मिल चुकी हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही चाक-चौबंद है, लेकिन अब उनके करीबियों पर मंडराता खतरा पुलिस के लिए नई चुनौती बन गया है। रोहित शेट्टी के घर फायरिंग और सलमान के करीबी को धमकी के बीच अब अभिनेता रणवीर सिंह का नाम भी इस लिस्ट में जुड़ गया है। खबर है कि रणवीर सिंह को उनके व्हाट्सएप पर एक वॉइस नोट के जरिए धमकी दी गई है। इसमें भी उनसे करोड़ों रुपये की मांग की गई है। इस मामले में भी बिश्नोई गैंग का नाम ही सामने आ रहा है। धमकी मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रणवीर सिंह के घर की सुरक्षा बढ़ा दी है और मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है। लगातार मिल रही इन धमकियों ने पूरी फिल्म इंडस्ट्री की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



### हम में शहंशाह कौन ने बढ़ाया सिनेमाई तापमान

## सिनेमा में फिर गूंजेगा रजनीकांत-शत्रुघ्न-हेमा मालिनी का शाही अंदाज़



हिंदी सिनेमा के चाहने वालों के लिए एक खास सिनेमाई सरप्राइज सामने आया है। बहुप्रतीक्षित फिल्म हम में शहंशाह कौन का टीज़र रिलीज़ कर दिया गया है, और इसके साथ ही दर्शकों के बीच उत्साह की लहर दौड़ गई है। इस फिल्म में भारतीय सिनेमा के दिग्गज कलाकार — रजनीकांत, शत्रुघ्न सिन्हा, हेमा मालिनी, अनीता राज और अन्य सितारे — एक साथ बड़े परदे पर नजर आने वाले हैं।

1 मिनट 16 सेकंड का यह टीज़र एक दमदार और लोकप्रिय शायरी से शुरू होता है, जो फिल्म के शाही और तीव्र मूड को तुरंत स्थापित कर देता है। जैसे-जैसे दृश्य आगे बढ़ते हैं, तेज़ रफ्तार एक्शन, आमने-सामने की टकराहटें और क्लासिक स्टाइल में पेश किए गए एंट्री सीन दर्शकों को 80 और 90 के दशक के भव्य बॉलीवुड की याद दिलाते हैं।

टीज़र में रजनीकांत की प्रभावशाली मौजूदगी अलग ही आभा बिखेरती है। हेमा मालिनी की शाही गरिमा और संतुलित अभिनय, शत्रुघ्न सिन्हा का दमदार संवाद अदायगी वाला अंदाज़ और अनीता राज की सशक्त स्क्रीन प्रेज़ेंस फिल्म को एक अलग ऊंचाई देते हैं। हर किरदार को स्टाइलिश और एक्शन से भरपूर फ्रेम में प्रस्तुत किया गया है, जो मुख्यधारा हिंदी सिनेमा की भव्यता और मसालेदार मनोरंजन की झलक देता है। टीज़र का समापन रजनीकांत के सोलो एक्शन सीन से होता है, जो दर्शकों के रोमांच को चरम पर पहुँचा देता है और फिल्म को लेकर जिज्ञासा और बढ़ा देता है। टीज़र लॉन्च के मौके पर फिल्ममेकर राजा रॉय ने कहा,'हम में शहंशाह कौन' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक एहसास है।

इन दिग्गज कलाकारों को फिर से एक साथ देखना दर्शकों के लिए यादगार अनुभव होगा। वहीं एसोसिएट प्रोड्यूसर असलम मिर्ज़ा और शबाना मिर्ज़ा ने कहा, इतने प्रतिष्ठित कलाकारों को एक साथ लाना हमारे लिए गर्व की बात है। यह टीज़र शक्ति, सम्मान और उस मनोरंजन की झलक देता है, जिसे दर्शकों ने हमेशा सराहा है। अपने दमदार संवादों, स्टाइलिश एक्शन और प्रभावशाली बैकग्राउंड म्यूज़िक के साथ हम में शहंशाह कौन जल्द ही देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है।

## बुर्ज अल अरब में उर्वशी-एपी का शाही वैलेंटाइन



दुबई की चमकती रात ने उस वक्त खास मोड़ लिया, जब उर्वशी रौतेला और एपी ढिल्लों ने वैलेंटाइन डे के साथ अभिनेत्री का जन्मदिन भी 7-स्टार होटल बुर्ज अल अरब में मनाया। 24 कैरेट सोने से सजे प्रेसिडेंशियल सुइट में सजी यह शाम रोमांस और रॉयल्टी का अनोखा संगम बनी। हल्की सुनहरी रोशनी, सफेद गुलाबों की खुशबू और अरब सागर का नज़ारा माहौल को किसी फिल्मी दृश्य जैसा बना रहा था। खास तौर पर तैयार डिनर और कस्टम बर्थडे केक ने जश्न में शाही स्वाद घोला। उर्वशी अपने ग्लैमरस अंदाज़ में दमकती दिखीं, तो एपी ढिल्लों की सादगी भरी स्टाइल ने शाम को और खास बना दिया। सोशल मीडिया पर आई झलकियों ने इसे परीकथा जैसा पल बना दिया।



## शालिनी पांडे ने बैंडवाले में मरियम बन शायरी को बनाया खामोश बगावत का सुर

मुंबई। महाराज के लिए अवॉर्ड्स में मिली ब्रेकथ्रू परफॉर्मेंस जीत के बाद शालिनी पांडे अपनी कलात्मक यात्रा को और निखारती दिख रही हैं। वे अब ऐसे किरदार चुन रही हैं जिनमें चीखने की नहीं, महसूस करने की ताकत चाहिए। हर नया प्रोजेक्ट जैसे किसी राग में जुड़ता एक ताज़ा सुर लगता है और बैंडवाले में उन्हें अब तक का सबसे सुरीला मोड़ मिला है। डब्बा कार्टेल की खामोश जुझारू छवि से लेकर राहु केतु की अनपेक्षित हास्य सहजता तक, उनकी पसंद साफ बताती है कि वे गहराई और विस्तार की तलाश में हैं। बैंडवाले वह मुकाम बनता है जहां यह तलाश अपना ठिकाना पा लेती है। निर्देशक अक्षत वर्मा और सह-निर्माता स्वानंद किरकिरे व अंकुर तिवारी की यह आठ कड़ियों वाली श्रृंखला मरियम की कहानी कहती है, जो भारतीय समाज की बेटियों के लिए तय सबसे सुरक्षित जाल से निकलना चाहती है कम उम्र में सम्मानजनक शादी। रतलाम की शांत बंदिशों के बीच बसी यह कहानी एक सच्चाई समझती है छोटे शहरों में सपने धमाके से नहीं फूटते, वे धीरे-धीरे रिसते हैं। मरियम के रूप में शालिनी पूरे संयम के साथ कहानी का भार संभालती हैं। वह कोई आग उगलती बागी नहीं, बल्कि वह आज्ञाकारी बेटी है जिसे महत्वाकांक्षा के लिए माफी मांगना सिखाया गया है। कविता उसका निजी विद्रोह बनती है और गुमनामी उसकी ढाल। उसकी चाहत शोर नहीं मचाती, पर लगातार धड़कती रहती है और यही निरंतरता किरदार को सच्चाई की चुभन देती है। अधिकतम स्क्रीन टाइम और भावनाओं की परतों से भरे किरदार में शालिनी ऐसा अभिनय देती हैं जो ध्यान मांगता नहीं, खुद-ब-खुद खींच लेता है। घर की सुरक्षा में कतर दिए गए पंखों वाली स्त्री के रूप में वे पूरी तरह विश्वसनीय लगती हैं। आजादी का स्वाद चखने की उसकी तड़प उसे बैंडवाले की सबसे जमीनी और मानवीय उपस्थिति बना देती है। बिना भारी-भरकम संवादों और बिना नाटकीय इशारों के, वे मुख्यधारा के ढर्रे छोड़कर आत्मीय भावनात्मक गहराई को अपनाती हैं और शो की भावनात्मक धुरी बनकर उभरती हैं।

## प्रेमानंद महाराज जी जान चुके थे राजपाल यादव पर आएगा संकट, दो महीने पहले ही कर दिया था अलर्ट



अभिनेता राजपाल यादव इन दिनों काफी संकट में हैं। बकाया राशि चुकाने के लिए दिल्ली उच न्यायालय द्वारा और समय देने की याचिका खारिज किए जाने के बाद राजपाल यादव तिहाड़ जेल में सजा काट रहे हैं, ऐसे में फिल्म उद्योग के कई लोग हास्य कलाकार के समर्थन में आगे आए हैं। इसी बीच दावा किया जा रहा है कि प्रेमानंद महाराज जी को एक्टर पर आने वाले संकट का पहले ही आभास हो गया था और उन्होंने राजपाल यादव ने बड़ी नसीहत भी दी थी।

दरअसल लगभगल दो महीने पहले राजपाल यादव महाराज जी से मिलने वृंदावन गए थे, जिसका वीडियो एक बार फिर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा गया कि राजपाल यादव मुस्कुराते हुए महाराज जी के पास पहुचते हैं। इस दौरान महाराज जी उनसे पूछते हैं- ठीक हो? इस पर एक्टर कहते हैं आज ठीक हैं. । जवाब सुनते ही प्रेमानंद महाराज जी हंस पड़ते हैं और कहते कि, राजपाल जी लोगों को लगातार हंसाते और सबका मनोरंजन करते रहते हैं, जो बहुत अछी बात है। इसके बाद एक्टर ने प्रेमानंद जी को बताया कि वो 2020 में ब्रह्मलीन हुए थे। उन्होंने बताया कि, 1999 में उन्हें दीक्षा मिली और गुरुजी के साथ विश्व कल्याण के लिए सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग, महारुद्र यज्ञ और बाकी के कई अनुष्ठान किए। एक्टर ने बताया कि एक्टिंग के साथ- साथ अपने गुरु जी के साथ भी जुड़े रहे। इस पर महाराज जी कहते हैं- , जीवन का असली फायदा यही है कि, मन भगवान से जुड़ा रहे. जिंदगी में मुश्किलें, दुख, अपनो से बिछड़ना और ऐसे हालात आते हैं कि, जीना मुश्किल हो जाता है, आर्थिक परेशानियां, रिश्तों में दिक्कतें इन सबमें सिर्फ भगवान ही साथ देते हैं। अछे समय में लोग हाथ मिलाते हैं, लेकिन मुसीबत में आते देखकर किनारा कर लेते हैं, डरते हैं कि कहीं कुछ कह न दें. । फिर प्रेमानंद जी कहते हैं- इसलिए भगवान के नाम का जाप करो, उन्हें स्मरण करते रहो, जीवन को आनंद से भर दो। हर मुश्किल से लड़ना सीखो, कभी हार मत मानो. । ये सुनकर राजपाल यादव भावुक हो जाते हैं और रो पड़ते हैं।

अब इस वीडियो को देखने के बाद लोग दावा कर रहे हैं कि महाराज जी ने एक्टर को आनी वाली मुसीबत के लिए पहले ही सतर्क कर दिया था। यानी कि प्रेमानंद जी को दो तहीने पहले ही संकट का आभास हो चुका था।

## विवादों में घिरे सिंगर उदित नारायण, पहली पत्नी ने लगाया जबरन गर्भाशय निकलवाने का आरोप; शिकायत दर्ज

बॉलीवुड के प्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर उदित नारायण एक बार फिर विवादों में हैं। उनकी पहली पत्नी रंजना ने बिहार के सुपौल जिले के महिला थाना में गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। रंजना का आरोप है कि मेडिकल इलाज के बहाने उनकी जानकारी और सहमति के बिना उनका गर्भाशय (यूट्रस) निकाल दिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रंजना मंगलवार को अपने वकील करुणाकांत झा के साथ महिला थाना पहुंचीं और एक औपचारिक आवेदन दिया। शिकायत में उन्होंने उदित नारायण, उनके भाइयों संजय कुमार झा और ललित नारायण झा तथा उनकी दूसरी पत्नी दीपा नारायण पर आपराधिक साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रंजना ने अपने आवेदन में बताया कि वह सुपौल जिले के चंद्रकांत झा की 61 वर्षीय बेटी हैं। उनके अनुसार, 7 दिसंबर 1984 को हिंदू रीति-रिवाजों से उनकी शादी उदित नारायण से हुई थी। उनका कहना है कि 1985 में उदित नारायण सिंगिंग करियर बनाने के लिए मुंबई चले गए। बाद में उन्हें मीडिया के माध्यम से पता चला कि उदित ने दीपा नारायण से दूसरी शादी कर ली है। रंजना का आरोप है कि जब भी उन्होंने इस बारे में सवाल किया, तो उन्हें गुमराह किया गया या इनकार कर दिया गया। रंजना ने आरोप लगाया कि 1996 में उदित नारायण और उनके भाई उन्हें इलाज के नाम पर दिल्ली के एक बड़े अस्पताल ले गए। वहां बिना उनकी जानकारी और सहमति के उनका गर्भाशय निकाल दिया गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि उस समय दीपा नारायण अस्पताल में मौजूद थीं। रंजना के अनुसार, इस सर्जरी की जानकारी उन्हें कई साल बाद तब हुई, जब वे अन्य चिकित्सकीय जांच के लिए डॉक्टर के पास गईं। इस खुलासे से वे मानसिक रूप से आहत हो गईं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 2006 में जब वे मुंबई गईं, तो उदित नारायण और दीपा नारायण ने उन्हें घर में प्रवेश नहीं करने दिया और उनके साथ खराब व्यवहार किया। इसके बाद वे नेपाल स्थित अपने ससुराल गईं, जहां कथित तौर पर उनके साथ अपमानजनक व्यवहार हुआ। तब से वे अपने मायके में रह रही हैं।

### 'घूसखोर पंडत' फिल्म के नाम पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## कहा- टाइटल बदलो वरना नहीं होगी रिलीज

सुप्रीम कोर्ट ने आगामी फिल्म 'घूसखोर पंडत' के शीर्षक को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है और निर्माताओं को स्पष्ट चेतावनी दी है। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान संकेत दिया कि यदि फिल्म का नाम नहीं बदला गया, तो इसकी रिलीज की अनुमति नहीं दी जाएगी। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर समाज के किसी विशेष वर्ग को अपमानित या बदनाम करने की छूट नहीं दी जा सकती। पीठ ने दो टूक शब्दों में कहा कि रचनात्मक स्वतंत्रता महत्वपूर्ण जरूर है, लेकिन यह पूरी तरह निरंकुश नहीं है और इसे संवैधानिक मूल्यों व सामाजिक संवेदनशीलता के दायरे में रहकर ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए। अदालत ने निर्माताओं को फिल्म के शीर्षक और उसकी सामग्री पर तत्काल पुनर्विचार करने का निर्देश दिया है। जजों ने संकेत दिया कि अगर फिल्म में आपत्तिजनक तत्व बरकरार रहते हैं, तो न्यायालय सख्त कदम उठाते हुए हस्तक्षेप कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म के निर्माताओं, निर्देशकों और संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करते हुए उनसे जवाब तलब किया है। कोर्ट ने पूछा है कि इस आपत्तिजनक शीर्षक के साथ फिल्म की रिलीज पर रोक क्यों न लगा दी जाए। मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को तय की गई है, जिसमें यह देखा जाएगा कि निर्माता शीर्षक बदलने या अन्य जरूरी संशोधन करने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

## महाशिवरात्रि पर पूरी रात भक्तों को दर्शन देंगे बाबा विश्वनाथ

महाशिवरात्रि का महापर्व 15 फरवरी को पूरे देश में मनाया जाएगा। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने बुधवार को बाबा विश्वनाथ के चारों प्रहर की आरती का समय जारी कर दिया है। बाबा की मंगला आरती प्रातः 2:15 बजे पूजा आरम्भ होने के साथ होगी तथा प्रातः 3:15 बजे आरती समाप्त होगी। इसके बाद प्रातः 3:30 बजे मंदिर दर्शनार्थियों के लिए खुलेगा। मध्याह्न भोग आरती प्रातः 11:40 बजे पूजा के साथ आरम्भ होगी तथा मध्याह्न 12:20 बजे पूजा समाप्त होगी।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन के लिए इन समयों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। चारों प्रहर की आरती में क्रमशः प्रथम प्रहर में रात्रि 9:30 बजे शंख बजेगा तथा पूजा की तैयारी होगी। इस दौरान झांकी दर्शन सतत् चलता रहेगा।

रात्रि 10:00 बजे से आरती प्रारम्भ होकर रात्रि 12:30 बजे समाप्त होगी। द्वितीय प्रहर में रात्रि 1:30 बजे से आरती प्रारम्भ होकर रात्रि 2:30 बजे समाप्त होगी तथा झांकी दर्शन चलता रहेगा।

तृतीय प्रहर में प्रातः 3:30 बजे से आरती प्रारम्भ होकर प्रातः 4:30 बजे समाप्त होगी तथा बाबा का झांकी दर्शन श्रद्धालुओं को होता रहेगा। चतुर्थ प्रहर में प्रातः 5:00 बजे से आरती प्रारम्भ होकर प्रातः 6:15 बजे समाप्त होगी तथा इस दौरान झांकी दर्शन चलता रहेगा। वहीं, शहर के विभिन्न शिवालयों से इसी दिन शिव बारात भी निकाली जाती है। तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर से निकलने वाली भव्य शिव बारात को देखने देश के कोने-कोने से श्रद्धालु आते हैं। शाम को मैदागिन से शिव बारात निकलती है, जिसमें विभिन्न प्रकार की झाँकियाँ निकाली जाती हैं। इस दौरान काशी की सड़कों पर विहंगम दृश्य देखने को मिलता है।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com